प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- कोलकाता में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन के बाद आज प्रदेश में चिकित्सा सेवायें फिर से सुचारू–चिकित्सा मंत्री ने किया अस्पतालों का निरीक्षण।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज चेन्नई में भारतीय तटरक्षक बल के समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र का उद्‌घाटन करेंगे।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से प्रदेश के दो दिन के दौरे पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में 'देह–दान करने वाले परिवारों' का करेंगे सम्मान।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने के बाद राहत–सरहदी जिलों में कुछ स्थानों पर तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित।

.....................

कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में कल हुए डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन के बाद आज चिकित्सा सेवाएं फिर से सुचारू हो रही है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी आईपीडी और इमरजेंसी सहित चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत कर उनका हाल जाना। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। हर स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को हर स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। इस बीच सरकारी रेजीडेन्ट डॉक्टरों के साथ ही निजी चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार से कल चिकित्सा सेवायें प्रभावित रही। विभिन्न शहरों में केवल आपातकालीन सेवायें ही संचालित रही। एक दिन की इस हड़ताल की घोषणा भारतीय चिकित्सक संघ– आई एम ए ने की थी। इस बीच मामले को लेकर सीबीआई ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर संदीप घोष से कोलकाता में पूछताछ शुरू कर दी है। एजेन्सी की एक टीम अस्पताल जबकि एक अन्य टीम गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय के स्थान की जांच कर रही है। उधर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके। श्री मोदी को लिखे पत्र में संघ ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्रता से न्याय मिलना चाहिए। संघ ने पीड़िता के परिवार के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की है।

.....................

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज चेन्नई में भारतीय तटरक्षक बल के समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र का उद्‌घाटन करेंगे। इससे आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी। श्री सिंह चेन्नई में समुद्री प्रदूषणरोधी कार्रवाई केन्द्र और पुड्‌डूचेरी में तटरक्षक एयर एन्क्लेव का उद्‌घाटन भी करेंगे। समुद्री प्रदूषणरोधी कार्रवाई केन्द्र से खासकर तटवर्ती इलाक़ों के समुद्री जल में तेल और रसायन के रिसाव से निपटने में मदद मिलेगी।

.....................

पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पशुओं में वर्ष 2030 तक खुरपका और मुंहपका रोग के खात्मे के लिए विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। श्री सिंह ने कहा कि पशुधन, देश की अर्थव्यवस्था और किसानों की आजीविका–दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खुरपका और मुंहपका के कारण हर साल लगभग 24 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है और इन पर नियंत्रण से दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा। श्री सिंह ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि सभी पशु टीके घरेलू स्तर पर बनाए जाते हैं और अब भारत टीका निर्यात करने की स्थिति में है। बैठक में मत्स्य–पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल भी उपस्थित रहे।

.....................

कल संस्कृत दिवस मनाया जायेगा। ये दिन विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक संस्कृत के व्यापक प्रचार प्रसार और आमजन में इसके प्रति जागरूकता के लिए मनाया जाता है। राज्यपाल हरिभाऊ किसानराव बागडे संस्कृत दिवस की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी और डीडी राजस्थान पर प्रदेशवासियों के नाम संबोधन देंगे। डीडी राजस्थान पर इसका प्रसारण शाम 6 बजकर 55 मिनट पर और आकाशवाणी से शाम 7 बजे किया जाएगा।

....................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से प्रदेश की दो दिन की यात्रा पर रहेंगे। वे जयपुर में दधीची देहदान समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 'देह–दान करने वाले परिवारों' का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रेम चन्द्र बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति राजभवन भी जाएंगे और राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से मुलाकात करेंगे।

....................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा के सांगोद में लाडली बहना कार्यक्रम में भाग लिया और महिलाओं से राखी बंधवाई। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सभी बहनों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर संकल्पबद्ध होकर काम किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से स्वयंसहायता समूहों से जुडने और स्वरोजगार अपनाकर लखपति दीदी योजना का लाभ लेने का आह्वान किया।

....................

कोटपूतली–बहरोड़ के अंनतपुर स्थित सीआईएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र में कल 48वें कांस्टेबल बेच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित पासिंग आउट परेड में एक हजार से अधिक जवानों ने कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। इस दौरान बल के महानिरीक्षक अजय कुमार ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों का मनोबल बढाया। 24 सप्ताह तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जवानों को विषम परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित और कर्तव्यपरायणता के लिए तैयार किया गया है।

....................

रणथम्भौर बाघ परियोजना के जोन–8 में बिना अनुमति वाहनों के प्रवेश और पर्यटकों के घूमने पर वन विभाग ने कार्रवाई कर 12 वाहनों के खिलाफ एक–एक लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। उप वन संरक्षक ने बताया कि बीते दिनों घटना का वीडियो वायरल होने पर ये कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि मॉनसून के चलते अभ्यारण्य में 30 सितम्बर तक पर्यटन गतिविधियां बंद है और भारी बारिश के कारण जोन 6 से 10 में भी सफारी पर रोक लगाई गई है। लेकिन फिर भी कुछ टूर ऑपरेटरों द्वारा पर्यटकों को भ्रमण कराने की शिकायतें सामने आ रही है।

....................

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने से राहत मिली हैं। पूर्वी जिलों में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश का सिलसिला कल रूक गया और धूप खिलने से लोगों ने जरूरी काम निपटाये। पश्चिमी जिलों में कल कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में बने परिसंचरण तंत्र का असर अब हल्का पड गया है। तंत्र के पाकिस्तान की ओर खिसकने से इसके असर से जैसलमेर जिले में कहीं–कहीं तेज बारिश हुई है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि नाचना क्षेत्र में हुई तेज बारिश से दस ढाणियों में जल भराव हो गया है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर निकाला जा रहा है। वहां बीते 24 घंटों के दौरान 14 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है। श्रीगंगानगर में भी कल शाम अच्छी बारिश हुई। जिले के मिर्जेवाला सादुलशहर, श्रीकरणपुर और सूरतगढ क्षेत्र के कई गांवों में तेज बारिश दर्ज की गई। हनुमानगढ़ में घग्घर नदी जल ग्रहण क्षेत्र में हो रही अच्छी बारिश से नदी में पानी की आवक बढ गई है। हरियाणा के ओटू हेड से छोडा गया 6 हजार 300 क्यूसेक पानी कल जिले में प्रवेश कर गया। टिब्बी क्षेत्र में पानी की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता बढा दी है। नदी में पानी बढने से टिब्बी से भद्रकाली मंदिर का रास्ता बंद हो गया हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले कुछ दिनों तक बारिश की गतिविधियों में कमी आने के साथ ही अधिकांश जगहों पर धूप खिले रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार कोटा और उदयपुर संभाग में 24 –25 अगस्त से फिर से बारिश की गतिविधियां हो सकती हैं।

इस बीच जयपुर, अजमेर और भीलवाडा जिले की पेयजल आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत बीसलपुर बांध में 12 सेंटीमीटर पानी और आने से बांध का जलस्तर बढकर 313.17 आरएलमीटर पहुंच गया।करौली जिले के पांचना बांध में भी पानी की आवक बनी रहने से इससे अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है जिससे गंभीरी नदी में पानी का बहाव तेज हो गया है।

....................

अजमेर में आज भक्ति के साथ खेल को जोडते हुए जिलेवासियों ने स्केटिंग पर कावड़ लाकर भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं ने पुष्कर से जल लाकर किशनगंज स्थित शिव मंदिर में चढाया। इस स्केट्स कावड़ यात्रा में आमजन के साथ बडी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य बच्चों और युवा वर्ग को भारतीय संस्कृति से परिचित कराना है।

....................